# हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 25 नवंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12. 0 डिग्री

राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

4



## खबर संक्षेप

### सियान गुड़ी का संचालन किये जाने के लिए 5 दिसम्बर तक प्रस्ताव

**जांजगीर-चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धजनो के देख-भाल, संरक्षण, मनोरंजन एकाकी जीवन से बचाव और सुरक्षा के उद्देश्य से जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए डेकेयर सेंटर-सियान गुड़ी स्थापना की घोषणा की गई है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा डेकेयर सेंटर-सियान गुड़ी स्थापना एवं संचालन हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया है। डेकेयर सेंटर-सियान गुड़ी का संचालन किये जाने हेतु इच्छुक विभागीय, गैर मान्यता प्राप्त एन.जी.ओ, ट्रस्ट, सी.एस.आर. इकाइयों, ग्रामीण नगरीय निकाय, चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थान कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण जांजगीर से दिशा निर्देश प्राप्त कर 5 दिसम्बर दोपहर 3 बजे तक प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

### लेखा सह एमआईएस सहायक का पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जिला व जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई.एस. सहायक का पद संख्या-01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-मुक्त) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जॉजगीर-चांपा में 8 दिसंबर को कार्यालयीन सायं 5 बजे तक लिए जाएंगे। आवेदन पत्र प्रारूप एवं शैक्षणिक योग्यता तथा भर्ती की शर्तें जिला पंचायत-जांजगीर-चांपा के सूचना-पटल एवं जिला पंचायत के वेबसाइट एवं योजना के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### महिला आयोग द्वारा प्रकरणों की सुनवाई कल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा बुधवार 26 नवम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से जांजगीर-चांपा जिले से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई करेंगी। सभाकक्ष में प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी।

### चालान पेश करने के लिए रुपए की मांग, प्रधान आरक्षक लाईन अटैच

**बिर्रा।** महिला के साथ हुई मारपीट के मामले में चालान पेश करने के लिए पैसें की मांग करने वाले प्रधान आरक्षक पर कार्रवाई करते हुए उन्हें रक्षित केन्द्र स्थानांतरण किया गया है। मामला बिर्रा थाना का है।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि बिर्रा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अनिल सिंह अजगल्ले द्वारा पीड़िता के साथ हुई मारपीट के मामले में न्यायालय में चलान पेश करने के लिए पीड़िता से पैसे की मांग करना नहीं तो चलान में स्कूटनी निकलवाकर पेश नहीं करने संबंधी शिकायत मिलने पर, मामले की गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल थाना बिर्रा से रक्षित केन्द्र स्थानांतरण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक को थाना बिर्रा से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया। साथ ही उनके खिलाफ प्राथमिक जांच भी शुरू कर दी गई है। पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से लिया गया और उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 18 धान खरीदी केंद्रों में कटा 37 आवक टोकन

**सक्ती।** जिला सक्ती में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से पूरे प्रदेश में प्रारंभ हो गया है। जिला सक्ती में 24 नवम्बर को धान खरीदी हेतु जिले के 18 उपार्जन केन्द्रों में 37 टोकन जारी हुआ है। जिसमें 1903.8 क्विंटल धान खरीदी होना है। उपार्जन केन्द्रों में कुल 630.40 क्विंटल धान खरीदी हुआ है। जिले में अब तक कुल 755.60 क्विंटल धान खरीदी हुआ है।

## फर्जी आबकारी पुलिस बनकर वसूली करने वाला गैंग का पर्दाफाश

# गांव में गए थे रेड करने पहुंच गए सलाखों के पीछे

### खाकी वर्दी के साथ 73 नग मोबाइल व 2 मोटरसायकल हुआ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

ग्राम परसदा खुर्द में फर्जी आबकारी पुलिस बनकर ग्रामीणों से डराकर अवैध वसूली करने वाले चार आरोपियों को सक्ती पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस की खाकी वर्दी, दो मोटरसाइकिल और 73 मोबाइल फोन सहित अन्य सामान जप्त किया गया है। घटना 23 नवम्बर की है।

इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परसदा खुर्द निवासी गनपत लाल लहरे ने थाना सक्ती में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहन अमरिका बाई के घर देर रात पांच अज्ञात व्यक्ति घुस आए और खुद को आबकारी पुलिस बताते हुए शराब बेचने-पीने का आरोप लगाकर तलाशी लेने लगे। उन्होंने परिवार को जेल भेजने की धमकी दी और 30 हजार रुपये की मांग कर डाली। विरोध करने पर आरोपियों ने 3 हजार रुपये जबरन ले भी लिए। घटना की जानकारी मिलते ही प्रार्थी मौके पर पहुंचा, जहां एक आरोपी पुलिस की खाकी वर्दी में भाग निकला, जबकि चार आरोपियों को पड़ोसियों की मदद से पकड़ लिया गया। रिपोर्ट पर पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल सिंह ठाकुर के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी नरेन्द्र गोस्वामी उर्फ दाऊ उम्र 23 वर्ष निवासी सोठी, थाना बम्हनीडीह, अजय गोस्वामी उम्र 23 वर्ष निवासी सोठी, थाना बम्हनीडीह, रामनारायण धीवर उम्र 34 वर्ष निवासी अफरीद, थाना सारागांव, लोकेश राठौर उर्फ ओम उम्र 20 वर्ष निवासी सारागांव को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे अपने फरार साथी के साथ मिलकर फर्जी आबकारी पुलिस बनकर वसूली करने पहुंचे थे। फरार साथी नकदी लेकर मौके से भाग जाने में सफल रहा। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने फर्जी वर्दी, तीन मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल तथा 73 अन्य मोबाइल फोन जप्त किए हैं। सभी के खिलाफ अपराध क्रमांक 423/2025 के तहत धारा 308(2), 319(2), 318(4), 331(4), 204, 205, 112, 351(2), 3(2) बीएनएस में कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लखनलाल पटेल, सउनि उपेंद्र यादव, सउनि राजेश यादव, प्रधान आरक्षक शब्बीर मेमन, आरक्षक राधेश्याम लहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मासूम बच्ची का अपहरण, नाकेबंदी कर कार चालक को पुलिस ने पकड़ा

### पड़ोसी जिले की वारदात, पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



पुलिस के साथ मासूम।

बिलासपुर से किराए की कार में सारंगढ़-सरसींवा जिला पहुंची महिला की 4 साल की मासूम बच्ची को लेकर कार चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही हरकत में आई जांजगीर चांपा जिले की पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। बच्ची को सकुशल बरामद करके पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है। घटना भटगांव थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजकिशोर नगर बिलासपुर निवासी सत्यवती सूर्यवंशी अपनी चार साल की बेटी निधियाना को लेकर सफेद रंग की स्वीफ्ट डिजायर कार में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सरसींवा थाना क्षेत्र के ग्राम टिहलीपाली अपने मायके गई हुई थी, जहां से शाम को वह उसी कार से लौट रही थी। पुलिस के मुताबिक शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच वे सलिहाघाट बाजार के पास पहुंचे, जहां चालक ने नास्ता करने की बात कहकर गाड़ी रोकी। इस दौरान सत्यवती को उसने सब्जी खरीदने की सलाह दी। सत्यवती सब्जी-भाजी खरीदने के लिए कार से उतरी और बेटी को अपना मोबाइल देकर कार में ही बैठा दिया। वह सब्जी लेकर लौटी तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। कार वहां पर नहीं थी। उसने घटना की जानकारी परिजनों व आसपास के लोगों को देते हुए तत्काल थाना पहुंचकर इसकी



रिपोर्ट दर्ज कराई। कार चालक द्वारा मासूम बच्ची की अपहरण करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल नाकेबंदी करके जांच पड़ताल शुरु की। सूचना पर जांजगीर-चांपा जिले का पुलिस महकमा भी हरकत में आया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के दिशा निर्देशन में तत्काल नाकेबंदी की गई। इसके कुछ ही देर बाद बम्हनीडीह पुलिस ने नाकाबंदी स्थल पर सफेद कलर की उक्त स्विफट कार को पकड़ लिया। मामले में आरोपी कार चालक रतनपुर निवासी रवी पटेल पिता श्रवण पटेल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने भटगांव थाने को इसकी सूचना दी। कुछ ही देर में बच्ची की मां और परिजन भी पहुंच गए। बहरहाल पुलिस इस पूरे मामले में पूछताछ कर रही है।

**किया गया बरामद**

सलिहाघाट बिलाईगढ़ क्षेत्र से मासूम बच्ची के अपहरण मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भटगांव पुलिस के हवाले किया गया है। साथ ही बच्ची को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

-जय कुमार साहू,
थाना प्रभारी बिर्रा

# पीएम आवास की धीमी प्रगति पर भड़के कलेक्टर, सभी सीएमओ को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के धीमी प्रगति कार्य को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी सीएमओ को फटकार लगाई। साथ ही साथ बम्हनीडीह सीएमओ के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों (सीएमओ) को फटकार लगाई है। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि राज्य शासन द्वारा भारत सरकार से प्राप्त लक्ष्य के आधार पर जिले के सभी नगरीय निकायों को नया लक्ष्य आवंटित किया गया है, लेकिन कई निकायों में प्रस्ताव भेजने की गति अत्यंत धीमी है, जो गंभीर लापरवाही है। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी सीएमओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने लक्ष्य की तुरंत समीक्षा कर लंबित पात्र लाभार्थियों के आधार पर नई डीपीआर तैयार कराएं तथा जिला स्तरीय मूल्यांकन एवं मॉनिटरिंग समिति से अनुमोदन के उपरांत 25 नवंबर 2025 तक राज्य शासन को प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का उद्देश्य शहरी गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है, इसलिए समयसीमा का कठोरता से पालन किया जाना अनिवार्य है। बम्हनीडीह निकाय के सीएमओ के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। कलेक्टर श्री महोबे ने बम्हनीडीह नगरीय निकाय में पीएमएवाई-शहरी के अत्यंत धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित सीएमओ के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव शासन को भेजा है।उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ समय पर मिले और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ट्रक और मेटाडोर की टक्कर, चालक घायल

**अकलतरा।** नगर के सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास ट्रक एवं मेटाडोर की टक्कर में मेटाडोर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आकाश बजाज अपनी मेटाडोर क्रमांक सीजी 11 एएच 5850 में आलू प्याज लेकर मिनीमाता चौक की ओर जा रहा था जब वह सिंघानिया पेट्रोल पंप से आगे निकला तभी यहां पर स्थित राइस मिल से ट्रक क्रमांक सीजी 22 वाय-3605 का चालक बिना किसी हेल्पर के अपने वाहन को रिवर्स मोड पर अचानक मुख्य मार्ग पर ले आया। आकाश बजाज का दाहिना पैर टूट गया।

# धान खरीदी केन्द्र में बेजाकब्जा की समस्या, विधायक, किसान पहुंचे एसडीएम दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नैला धान उपार्जन केन्द्र से बेजा कब्जा हटाने की मांग को लेकर सोमवार 24 नवंबर की सुबह किसानों ने जांजगीर चांपा विधायक

- एसडीएम के आश्वासन पश्चात किसान लौटे वापस

ब्यास कश्यप के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय जांजगीर का घेराव कर दिया।



एसडीएम कार्यालय का घेराव करने पहुंचे विधायक सहित अन्य लोग

नैला धान उपार्जन केन्द्र से बेजा कब्जा हटाने की मांग को लेकर सोमवार को विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय जांजगीर का घेराव किया गया। मौके पर आक्रोशित किसानों का कहना था कि धान उपार्जन केन्द्र में बाऊंण्ड्रीवाल और गेट निर्माण के लिए 2023 में ही राशि स्वीकृत हो चुका है, टेण्डर हुए भी साल भर से ज्यादा बीत चुका है, नगर पालिका की ओर से भी तीन बार अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जा चुका है जिसके बाद भी प्रशासन अतिक्रमण हटाने में रूचि नहीं ले रहे हैं, उन्होंने साफ चेतावनी दी की बिना अतिक्रमण हटाए नैला धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी ना किया जाए तथा तत्काल अतिमक्रण हटाया जाए। एसडीएम के टीएल बैठक में होने की वजह से तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने कल अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया जिस पर भी किसान नहीं मांगे जिसपर तहसीलदार मरावी ने विधायक ब्यास कश्यप को एसडीएम से फोन पर बात कराया जिसमें एसडीएम ने भी हर हाल में कल सदलबल जाकर नैला धान उपार्जन केन्द्र से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान वापस अपने घर लौटे।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद



नगर पंचायत खरौद में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ से फरियाद लगाई है। साथ ही साथ महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जनप्रतिनिधियों से सीएमओ से चर्चा भी की।

ज्ञात हो कि सोमवार 24 नवंबर को नगर पंचायत खरौद में जनहित और मूलभूत समस्याओं को लेकर 5 सूत्रीय विषयों पर नगर पालिका अधिकारी सत्यनारायण देवांगन के समक्ष ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण विषयों के चर्चा की गई । उनकी मांग है कि अमृत मिशन के नल जल के कार्य से प्रभावित सड़क, खरौद शिवरीनारायण मेन रोड में नाली निर्माण, यात्री बस का सुचारु रूप से आवागमन, प्रतीक्षा बस स्टैंड का सुचारु रूप से संचालन व नगर के प्रमुख 9 चौक चौराहों का नामकरण व विकास कार्यो को लेकर चर्चा की। ज्ञापन सौंपने वालों में धनंजय रात्रे, पार्षद कुमारी नीलम यादव, दिनेश यादव, सोनू आदित्य व नागरिकगण उपस्थित थे। अरुण साहू, नितिन यादव, पुष्पेन्द्र नोनिया, किशोर कर्ष, रवि आदित्य, अमर आदित्य, ओम किरण रोहिदास सहित अन्य नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सूखे एवं गीले कचरों के पृथककरण को लेकर विस्तारपूर्वक दी जानकारी

# स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



ग्रामीणों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी देने पहुंची स्वच्छता मिशन की राज्य सलाहकार।

स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार ने बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। इस बीच लोगों को सूखे एवं गीले कचरें के अलग अलग निपटारे को लेकर ग्रामीणों से चर्चा की। वहीं यूजर चार्जेस एवं प्रोत्साहन राशि के विषय में समूह के लोगों से बातचीत की।

ज्ञात हो कि सोमवार 24 नवंबर को स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने किया ग्राम पंचायत लछनपुर, बसंतपुर, मड़वा, मदनपुर एवं नवागांव का निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत लछनपुर, बसंतपुर, मड़वा, मदनपुर (रैनपुर) एवं नवागांव का निरीक्षण किया। राज्य सलाहकार श्रीमती सिंह ने सभी स्वच्छाग्राही से गांव में हो रहे कचरा कलेक्शन के गीले और सूखे कचरे के पृथकीकरण के विषय में विस्तार से चर्चा किया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा घर से देने वाले कचरे को अलग अलग करने हेतु आग्रह एवं सभी लोगो को प्रेरित किया। उन्होंने यूज़र चार्जेस एवं प्रोत्साहन राशि के विषय में चर्चा कर स्वच्छग्राहियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान गांव में निर्मित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर उनके निरंतर उपयोग व रखरखाव के बारे में बताया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बलौदा विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता मिशन से जुड़ी समूह की महिलाओं द्वारा सूखे एवं गीले कचरों के निपटारे को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवस्था बनाई जा रही है। साथ ही इसके लिए टीम का गठन भी किया गया है। ग्राम पंचायतो में कचरा ले जाने वाले वाहनों के माध्यम से गली मोहल्लों के कचरों को इकटठा करके उसे गांव से बाहर एक निश्चित स्थान पर रखा जाता है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छाग्राही के अध्यक्ष, सचिव, समूह की दीदियां व गांव के सरपंच, सचिव, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# धारदार हथियार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

धारदार हथियार लहराकर राहगीरों को डराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों को किसी गंभीर घटना को अंजाम देने से पहले ही पकड़कर पुलिस ने संभावित वारदात को टाल दिया।

चांपा थाना पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गौरव पथ रोड पर दो युवक धारदार हथियार लेकर लोगों में दहशत फैला रहे हैं। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दोनों आरोपियों को पकड़ा और उनके कब्जे से दो नग धारदार हथियार जब्त किए। पुलिस ने लक्ष्मी प्रसाद भारद्वाज, पिता पवन भारद्वाज, उम्र 29 वर्ष, निवासी अंबेडकर चौक, जगदल्ला चांपा एवं मंगल सिंह टंडन, पिता वीर सिंह टंडन, उम्र 35 वर्ष, निवासी कॉलेज रोड छुहिया तालाब, जगदल्ला चांपा को गिरफ्तार किया है। त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय द्वारा सख्त निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों का पालन करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, एसडीओपी चांपा यदुमणी सिदार के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पेट्रोलिंग की जा रही थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

**खबर संक्षेप**



## मितानिन दिवस पर तिलकेजा में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**मड़वारानी।** छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की है वह मितानिनो के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। 23 साल पहले मितानिनों के द्वारा मातृत्व स्वास्थ्य शिशु स्वास्थ्य और पोषण के विषयों से अपना कार्य शुरू किया था। मलेरिया दस्त टीवी और कुष्ठ जैसी रोगों से लड़ने में बड़ी भूमिका निभानी शुरू की और मानसिक स्वास्थ्य बीपी शुगर और स्वास्थ्य की अधिकार के साथ-साथ मितानिन बहनों ने महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी बेहतर कार्य कर रही है। यह शासन की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के अधिकार से समुदाय को जोड़ रही है। यह कहना उचित होगा की मितानिन छत्तीसगढ़ का गौरव हैं। मितानिन सम्मान दिवस ग्राम तिलकेजा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशन कोसले जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमति तेरस कंवर सरपंच ग्राम पंचायत तिलकेजा, ब्लाक समन्वयक शिवनारायण खरे, मितानिन प्रशिक्षिका श्रीमति पदमा कौशिक, पंचगड़ श्रीमति जमुना देवी, शुमन जायसवाल, देवमुरत कंवर सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान मितानिन श्रीमति राधा कैवर्त, राखी धीवर, लीला बंजारे, संतोषी कंवर, अनिता कैवर्त, सुशीला खरे, नहर बाई उरांव, गायत्री, रजनी कर्ष, सावित्री कश्यप, जमुना जैसवाल, कौशिल्या, रामकुमारी कोसले, को सम्मान साड़ी एंव श्रीफल से किया गया।

## विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**कोरबा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से संबद्ध मेरा युवा भारत द्वारा युवाओं के लिए विकासखंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग के लिए कबड्डी, गोला फेक, 800 मीटर दौड़ एवं महिला वर्ग के लिए रस्साकसी, गोला फेक, 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कबड्डी एवं में बालको की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं द्वितीय स्थान पर लालघाट की टीम रही। महिलाओं में रस्साकसी में प्रथम स्थान बालको की टीम ने हासिल किया। कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह राजपूत, विकास शर्मा, संध्या शर्मा एवं राजेश पांडे, अजीत शर्मा, गोपाल दास महंत, प्रभात सिंह, महेंद्र चंद्रा, नैतिक, दिनेश चंद्र यादव, नरेंद्र कुमार चंद्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय सलोरा में मनाया गया 78वां एनसीसी दिवस

**कोरबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में 78वां एनसीसी दिवस प्राचार्य श्रीमती पीआर शंकरी की अध्यक्षता में मनाया गया। विद्यालय इकाई के 50 कैडेट्स एवं एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर रीतेश भोंसले के देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के साथ साथ एनसीसी का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। बटालियन की ओर से कमान अधिकारी कर्नल सैंथिल कुमार एस एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित यादव उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में शिशु मंदिर के छात्रों ने लहराया परचम

**कोरबा।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता मथुरा में 13 से 16 नवंबर तक आयोजित हुआ। विद्या भारती मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व सरस्वती उच्च० माध्य० विद्यालय सीतामणी की तीन बहिनों ने किया और और राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाया। जिसमें कु० भारती बघेल कक्षा ग्यारहवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कु० उपासना चौहत्था कक्षा 10वीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया एवं कु० प्राची सूर्यवंशी कक्षा नवमी ने तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किया।

### पिछले 11 महीने में शहर और आउटर में यातायात पुलिस कर रही है कार्रवाई

# 1596 चालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई लगभग 2 करोड़ ठोंका गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा तरह-तरह के उपाय किये जा रहे हैं। सड़कों पर पुलिस की पैनी नजर है और ब्लैक स्पॉटों की पहचान कर वहां हादसों को रोकने के लिए पहल भी की गई है। साथ ही हाईवे पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले शराबी चालकों पर कड़ी कार्यवाही भी कर रही है। यातायात पुलिस प्रतिदिन शहर में और आउटर में पहुंचकर शराबी चालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। यही वजह है कि पिछले 11 महीने के भीतर यातायात पुलिस ने 1596 शराबी चालकों के



कार्यवाही करती पुलिस।

खिलाफ कार्यवाही कर उनसे लगभग 1 करोड़ 91 लाख 9 हजार 6 सौ रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल कर चुकी है।

उल्लेखनीय है कि जिले में लगातार वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। औद्योगिक नगरी होने की वजह से ट्रेलर जैसे भारी वाहनों का दबाव भी बढ़ते जा रहा है। शहर और आउटर में तेजी से भारी वाहन सड़कों पर फर्राटे मार रहे हैं। यही वजह है कि हादसों का ग्राफ भी बढ़ते जा रहा है। हालांकि पिछले साल की तुलना इस साल अभी तक हादसों के ग्राफ में गिरावट दर्ज की गई है। जिसकी वजह से है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात एएसआई मनोज राठौर, ईश्वरी लहरे, प्रधान आरक्षक संतोष सिंह व उनकी टीम लगातार सड़कों पर है और सड़क पर कैसे इन हादसों को कम किया जा सके इस पर काम कर रही है। खासतौर पर ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर उन स्थानों में हादसों को रोकने के लिए काम कर रही है। पूर्व में यह भी देखा गया है कि ज्यादातर सड़क हादसे शराब के नशे में वाहन चलाने की वजह से होते हैं। जिसमें शराबी चालक बेतरतीब वाहन चलाते हैं और उनकी चपेट में आने से लोगों की मौत हो जाती है। इसी तरह के हादसों को कैसे कम किया जा सके इसके लिए यातायात पुलिस शराबी चालकों पर विशेष पैनी निगाह जमाई हुई है और लगातार सड़कों पर उतरकर शराबी चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। पिछले 11 महीनों के दौरान पुलिस ने शराबी चालकों पर विशेष कार्यवाही की है जिसमें 1596 शराबी चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर उनसे लगभग 1 करोड़ 91 लाख 9 हजार 6 सौ रुपए जुर्माना वसूल किया है।

## जांच कर रही टीम पर पंच ने की हमले की कोशिश, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक प्रकरण की जांच के लिए सचिव सहित अधिकारी ग्राम पंचायत भवन पहुंचे थे जहां एक पंच शराब के नशे में धुत्त होकर पंचायत भवन पहुंचा और सचिव को चप्पल उठाकर मारने की कोशिश करते हुए उसके साथ गाली गलौच की है। सचिव की रिपोर्ट पर पुलिस ने पंच के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोगबहरी निवासी मुखीसिंह कंवर पिता स्व माधोसिंह कंवर ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम पंचायत रजगामार में अगस्त 2024 से ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत है। वह 13 नवंबर को शिकायत जांच के संबंध में ग्राम पंचायत रजगामार कार्यालय में 11:40 बजे सरपंच हरीसिंह राठिया, पंच, जनपद पंचायत की ओर से अशुतोष मिश्रा उपस्थित थे। इस दौरान उनके द्वारा जांच कर कार्यवाही की जा रही थी इस बीच लगभग 12.32 बजे वार्ड क्रमांक 1 का पंच बेदराम राठिया वहां मौके पर पहुंचा और शराब पीकर भवन के अंदर घुसकर अधिकारियों को चप्पल उठाकर मारने की कोशिश कर रहा था और उनके साथ गाली गलौच की गई। इस बीच वहां मौजूद अधिकारी द्वारा बीच बचाव किया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने पंच के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### नवविवाहिता ने लगाई घर फांसी 9 माह पूर्व की थी लव मैरिज

**कोरबा।** एक नवविवाहिता की लाश उसके ही घर पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पीड़िता के परिजनों ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है। मृतिका मधु सूर्यवंशी जो कि जांजगीर चांपा के खोखरा गांव में रहने वाली थी और 9 महीने पहले ही अमरैय्यापारा में रहने वाले अरूण कोसले से लव मैरिज की थी। शादी के बाद से ही मधु अपने घर पर ही रहती थी। शनिवार को उसका शव फांसी के फंदे पर झुलती मिली।

## श्रम कानूनों में बदलाव से खत्म हो जाएगी कर्मचारियों को मिल रही सुविधाएंः दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देशभर के 10 सेंट्रल ट्रेड यूनियन के विरोध के बावजूद सरकार ने मनमानी और गैर लोकतांत्रिक तरीके से 21 नवंबर 2025 को चार विवादास्पद श्रम संहिताएं विधेयक की अधिसूचना जारी कर दी है। यह सब संहिताएं औद्योगिक संबंध, मजदूरी संहिता, सामाजिक सुरक्षा और पेशागत सुरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं कामकाजी परिस्थितियों से जुड़ी विधेयक है।

**खास बात**

- हायर एंड फायर की नीति लागू कर मनमाने तरीके से कामगारों को निकालने व रखने की मिलेगी खुली छूट

इस संबंध में एटक नेता दीपेश मिश्रा ने बताया है कि केंद्र की मौजूदा की सरकार ने श्रम कानूनों मे सुधार की बात कहकर 29 श्रम कानूनों को समाहित कर चार संहिताओं मे सूत्रबद्ध कर दी है। यह केन्द्र सरकार द्वारा देश के मेहनतकश लोगों के साथ किया गया धोखा है। इस



दीपेश मिश्रा।

संबंध मे एटक नेता दीपेश मिश्रा ने कहा है कि सरकार ने लेबर कोड के माध्यम से श्रम कानूनों में जो बदलाव किए हैं, उससे अभी कर्मचारियों को मिल रही कागजी सुरक्षा पूरी तरह खत्म हो जाएगी। इससे लगभग देश की तीन चौथाई कंपनियों मे बंधुआ मजदूरी प्रथा जैसे हालात बन जाएंगे। अब 300 से कम संख्या वाली कंपनियों द्वारा इस विधेयक के माध्यम से साजिश रचकर हायर एंड फायर की नीति लागू कर कामगारों को मनमाने तरीक़े से निकालने और नौकरी पर रखने की खुली छूट मिल जाएगी। इसी तरह निजी कंपनियों के मालिकों को मनमर्जी कंपनी बंद करने की लेबर कोड में छूट दी गई है। इसके साथ ही मजदूरों के काम के घंटे को भी 8 से बढ़ाकर 12करने का लेबर कोड में प्रावधान रखा गया है। उन्होंने कहा कि लेबर कोड बिल मे कर्मचारियों के हड़ताल करने पर पाबंदियां लगाई गई है। वहीं ट्रेड यूनियन पंजीयन को भी जटिल बना दिया गया है ताकि श्रम संगठनों की संख्या को पूरी तरह सीमित किया जा सके। इसके साथ ही ट्रेड यूनियन कानून 1926 को भी पूरी तरह कमजोर कर दिया गया है ताकि श्रम संगठनों का वजूद ही समाप्त हो जाए, जिसका श्रम संगठन विरोध कर रहे हैं। सरकार सामाजिक सुरक्षा संहिता मे सुरक्षा के दायरे मे असंगठित क्षेत्र के सभी मजदूरों को लाने का दावा किया है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। इस बारे में कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है, इसी तरह सरकार ने दावा किया है कि नए लेबर कोड में नौकरी से निकाले गए मजदूरों के लिए विशेष फंड की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है जो कि कोरा बकवास है। उन्होंने अन्त में कहा कि नया लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों पर गहरी चोट है और इसका खिलाफत करने के लिए देशभर के मजदूर संगठनों ने नए लेबर कोड विधेयक के विरोध में 26 नवंबर को देशव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है।

## श्रम संहिताओं की अधिसूचना पर ट्रेड यूनियनों का तीखा विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने केंद्र सरकार द्वारा चारों श्रम संहिताओं को 21 नवंबर से लागू करने की अधिसूचना को मजदूरों के साथ कपटपूर्ण धोखा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की खुली अवहेलना करार देते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है। संयुक्त मंच ने साफ कहा कि यह फैसला भारत के कल्याणकारी राज्य की मूल भावना को नष्ट करता है और मेहनतकश

**खास बात**

- 26 को देश भर में अवज्ञा और प्रतिरोध की घोषणा

तबके के अधिकारों पर सीधा हमला है। ट्रेड यूनियनों ने याद दिलाया कि वर्ष 2019 में वेतन संहिता लागू होने के साथ ही देशभर में व्यापक विरोध शुरू हो गया था। जनवरी 2020 की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल वर्ष 2020 में शेष तीन श्रम संहिताओं औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता, तथा व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संहिता के खिलाफ आंदोलन और 26 नवंबर 2020 की ऐतिहासिक हड़ताल, किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के साथ संयुक्त प्रतिरोध का प्रमाण है। इसके बाद भी कई बड़े विरोध कार्यक्रम हुए, जिनमें 9 जुलाई की ऐतिहासिक हड़ताल शामिल है, जिसमें 25 करोड़ से अधिक श्रमिकों ने भाग लिया। संयुक्त मंच ने आरोप लगाया कि श्रम शक्ति नीति 2025 पर 13 नवंबर को बुलाई गई बैठक में श्रम संहिताओं को खत्म करने और भारतीय श्रम सम्मेलन को तुरंत बुलाने की मांग की गई, जो वर्ष 2015 के बाद से आयोजित नहीं हुआ है। यही मांग 20 नवंबर को वित्त मंत्रालय की बजट-पूर्व परामर्श बैठक में भी दोहराई गई। संगठनों का कहना है कि सरकार ने इन सभी मांगों को नज़रअंदाज़ करते हुए नियोक्ता संगठनों और अपने समर्थक समूहों के दबाव में श्रम संहिताओं को लागू कर दिया।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डीएमएफ से बढ़ी सुविधाएं

**कोरबा।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) फंड से मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में तेजी से आधुनिक सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में यह विस्तार जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। पहले जिन जांचों के लिए मरीजों को निजी संस्थानों का सहारा लेना पड़ता था, अब वे सभी जांच जिला अस्पताल में उपलब्ध हैं। विशेष रूप से सोनोग्राफी, नेत्र परीक्षण और रक्त संबंधी विशेष जांचों को और अधिक उन्नत एवं विस्तारित किया गया है। इससे आम जनता को समय और धन दोनों की बचत हो रही है। जिला मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल प्रबंधन ने बताया है कि डीएमएफ फंड से नए उपकरण, मशीनें और आवश्यक तकनीकें स्थापित की जा रही हैं, जिससे जांचों की सटीकता और गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सबसे अधिक लाभ मिल रहा है, क्योंकि अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण जांचें निःशुल्क या न्यूनतम खर्च में प्राप्त हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने डीएमएफ फंड के इस उपयोग को सराहनीय बताया और कहा है कि इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। प्रशासन का कहना है कि आगे भी कई महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़े जाने की योजना है, जिससे जिले को पूर्णतः आधुनिक और सुलभ चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

## मूल्य आधारित शिक्षा ही जीवन का आधार : भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी में शनिवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी भगवान भाई ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। शिक्षा शब्द के अंग्रेज़ी अनुवाद एजुकेशन के एक-एक अक्षर का मतलब समझाते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र बहुत ही विस्तृत है और इसमें



पूरा जीवन समाहित है। आजकल के बच्चों में बढ़ती हुई मोबाइल और टीवी की प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कहा कि मोबाइल और टीवी बच्चों की स्मरण शक्ति को कमजोर कर रहे हैं, जिससे बच्चे पढ़ाई में ध्यान कम दे पाते हैं, और याद कम कर पाते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा मूल्य आधारित होनी चाहिए शिक्षा का मतलब केवल पुस्तक पढ़ना ही नहीं बल्कि जीवन में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अपनाना ही शिक्षा का सही उद्देश्य है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी की जिला संचालिका सुश्री बिंदु और वीरेश उपस्थित रहे।

### नगर निगम ही देता है नजूल विभाग को टैक्स

# नगरीय निकायों में शुरु किया जाएगा नजूल जमीन का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम कोरबा की तरह अन्य नगरीय निकायों में नजूल जमीन के सर्वे के लिए अभियान चलेगा। वर्तमान में नगर निगम कोरबा के द्वारा ही नजूल भूमि को टैक्स के रुप में एक बड़ी राशि दी जाती है। उनके अलावा अन्य नगरीय निकायों में भी आय के स्त्रोत की तलाश होगी। जिसे नगरीय निकायों में आर्थिक रुप से स्वावलंबन आ सके।

छोटे नगरीय निकायों में भी आय के स्त्रोत बढ़ाने की तैयारी शासन के निर्देश पर हमेशा चलती रही है ताकि छोटे नगरीय निकायों को आर्थिक रुप से मजबूत बनाया जा सके। जिले में नगर पालिक निगम कोरबा के अलावा पाली, छुरी, दीपका, कटघोरा नगरीय निकाय आते हैं इनमें नगर पालिक निगम कोरबा ही आय के स्त्रोत के मामले में आर्थिक रुप से मजबूत है शेष अन्य नगरीय निकाय में आय का स्त्रोत बढ़ाने के लिए नजूल भूमि का सर्वे होगा। इसके साथ ही नजूल भूमि में बने शासकीय, अशासकीय संपत्तियों से टैक्स की वसूली भी होगी। वर्तमान में छोटे नगरीय निकायों में नजूल भूमि का सही तरह से सर्वे नहीं होने के कारण जमीनों का निर्धारण नहीं हो पा रहा है जिससे ना तो नजूल विभाग को टैक्स मिल पाता है और ना ही छोटे नगरीय निकायों में आय के नए स्त्रोत तैयार हो पाते हैं। दूसरी तरफ ऐसे कई नगरीय निकाय हैं जहां अभी भी वन भूमि का हिस्सा होने के कारण छोटे बड़े किसी भी तरह के निर्माण कार्य भी नहीं हो पाते हैं।



**दीपका में शासकीय भूमि की दरकार**

नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत सरकारी भूमि का संकट होने के कारण कई शासकीय भवन का निर्माण अटका हुआ है। अधिकांश जमीनें एसईसीएल के अधिकृत भूमि के दायरे में आती हैं। यही कारण है कि सरकारी भूमि की दरकार बनी है। नगर पालिका दीपका का विस्तार करने के लिए आसपास के ग्रामों को इसकी सीमा में लाने के कार्य की शुरुआत हुई थी ताकि नगरीय निकाय के हिस्से में कुछ शासकीय जमीन आ सके लेकिन आसपास के ग्राम पंचायतों को नगरीय निकाय में शामिल करने का कार्य ठण्डे बस्ते में चला गया।




माननीय उपमुख्यमंत्री
श्री अरूण साव जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राहुल थवाईत
अध्यक्ष, नगर पंचायत शिवरीनारायण
श्रीमती सरस्वती साहू
उपाध्यक्ष
स्नेहलता सोनी
पार्षद वार्ड क्र.02
विनोद शर्मा
पार्षद वार्ड क्र.03
सरस्वती सोनी
पार्षद वार्ड क्र.04
दिव्या कन्हैया यादव
पार्षद वार्ड क्र.07
चेतन सोनी
पार्षद वार्ड क्र.08
सरला केशरवानी
पार्षद वार्ड क्र.10
योगेश आदित्य
पार्षद वार्ड क्र.11
रेखा परमानंद कश्यप
पार्षद वार्ड क्र.12
डॉ.धर्मेन्द्र राम
पार्षद वार्ड क्र.13
सत्येन्द्र केंवट
पार्षद वार्ड क्र.14
अंकुर गोयल
पार्षद वार्ड क्र.15

## खबर संक्षेप

### सेवा सहकारी समिति कोरबी में धान खरीदी का शुभारंभ



**बलौदा।** सेवा सहकारी समिति केन्द्र कोरबी मे धान खरीदी का शुभारंभ गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलेश गुप्ता ने की। सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष मणीकांत अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभी उपस्थित अन्नदाता किसानों का नारियल एवं पुष्पमाला से सम्मान किया गया। गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेतों मे पैरा को नही जलाकर गौवंश के लिए चारा की व्यवस्था को बनाए और पर्यावरण के संरक्षण मे सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोरबी के सरपंच भीम सिंह पोर्ते, मनोहर सिंह, जगदीश जाटवर, दुर्गेश स्वर्णकार, रामायण गुप्ता, प्रतिमा डाहरे, अभिनेश सिंह, राधेश्याम शर्मा, संजय कश्यप एवं क्षेत्र के किसान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विवाह पंचमी पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आज होगा ध्वजा रोहण

**जांजगीर-चांपा।** विवाह पंचमी के अवसर पर श्री दक्षिण मुखीहनुमान मंदिर जांजगीर में शिखर में



प्रातःकाल विषेश पुजन कर हनुमत ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं शाम के समय महाआरती के साथ सामूहिक सुंदर कांड पाठ होगा। विवाह पच्चमी त्रेता युग में मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी पर भगवान श्रीरामजी के साथ सीतामाता का विवाह हुआ था। इस तिथि को विवाह पंचमी के रुप में मनाया जाता है। इस बार 25 नवम्बर को विवाह पंचमी मंगलवार को मनाया जाएगा। अयोध्या में पांच सौ साल के लम्बे अंतराल के बाद मर्यादा पुरुषोत्म श्रीरामलला का मंदिर का निर्माण पुर्ण कर लिया गया है। मंदिर के पुर्णता पर मंदिर के शिखर में ध्वजा रोहण 25 नवम्बर मंगलवार विवाह पंचमी के पावन अवसर पर किया जाएगा। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की इस शुभ अवसर पर श्री दक्षिण मुखीहनुमान मंदिर जांजगीर में रामजी के परम भक्त हनुमान जी के मंदिर के शिखर में प्रातःकाल विषेश पुजन कर हनुमत ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं शाम 4 बजे से खीर प्रसाद हनुमान जी को अर्पण कर वितरण किया जाएगा। समस्त भक्तजन इस अवसर पर अपने निवास स्थान घर के सामने पांच दीपक रगोली सजाकर अवस्य जलावें। शायकाल 6:30 बजे हनुमान जी का सेन्दुराभिषेक 7:00 बजे हनुमान जी महाआरती 7:30 बजे से सामुहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जाएगा।

### खोरसी में मितानिन दिवस पर मितानीनों का किया सम्मान



**तनौद।** जनपद पंचायत पामगढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खोरसी मे 23 नवंबर को दोपहर 1 बजे पंचायत स्तरीय मितानिन दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती दिलीपकुंवर पटेल जनपद सदस्य मितानिन दीदीयों का साल,साड़ी, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। ग्राम के पंचगण द्वारा मितानिन दीदी एवं आगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का उसाहवर्धन करने हेतु श्रीफल व साड़ी देकर समानित किया गया। दिलीप कुंवर पटेल जनपद सदस्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि मितानिन दीदीयों ने आप हमारे गांव की सेहत, सुरक्षा जागरूकता की सच्ची पहरेदार हैं। हर परिस्थिति में आगे बढ़कर लोगों की मदद करना, बच्चों और माताओं की देखभाल, बीमारों तक दवा और सलाह घर - घर पहुंचाना आपकी ये सेवाएं हमारे समाज के लिए अमूल्य हैं।

### परिक्षेत्र साहू संघ के पतराम साहू बने कोषाध्यक्ष



**अकलतरा।** साहू समाज अकलतरा परिक्षेत्र की बैठक रामकुटी में आहुत कर कार्यकारणी का गठन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से पतराम साहू को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान जूगनू साहू को कार्यकारणी अध्यक्ष ,सीताराम साहू को सचिव, हरनारायण को संरक्षक मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारीयों ने समाज को एकजुट कर समाज को मुख्य धारा में लाकर विकास के नए सोपान तय करने की बात कही। बैठक में प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष बिजेशर साहू ,महावीर साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष ,अशोक साहू उपाध्यक्ष ,भुनेश्वरी साहू महिला उपाध्यक्ष, सुजाता साहू महिला सचिव, हरीश साहू संगठन सचिव, राजेश साहू कार्यकारणी सदस्य रमेश साहू, रोशन साहू, सोमनाथ साहू ,संतोष साहू, भागवत साहू एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिला मुख्यालय के सभी कार्यालय सहित विकासखंड, तहसील, नगर पालिकाओं में मशीन लगाने दिए निर्देश

# मनमाने समय पर ऑफिस पहुंचने वालों की खैर नहीं, बायोमैट्रिक से दर्ज होगी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारी।

निर्धारित समय की बजाए अपने मन मुताबिक टाइम पर ऑफिस पहुंचने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की अब खैर नहीं है। इस पर रोक लगाने कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक मशीनें अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार 24 नवंबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि राज्य के समस्त कार्यालयों कार्यरत शासकीय सेवकों की उपस्थिति हेतु बायोमैट्रिक आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली प्रारंभ किया जाना है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी-अधिकारियों की समय पर उपस्थिति एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के लिए यह प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग उपकरण की स्थापना, नेटवर्क कनेक्टिविटी तथा आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूर्ण करें। उन्होंने जिला मुख्यालय के सभी कार्यालयों सहित सभी विकासखंड, तहसील, जनपद पंचायत तथा नगर पालिका, नगर पंचायत कार्यालयों में बायोमैट्रिक मशीनें अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संचालित करने प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से खरीदी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने एवं प्रति साप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने खरीदी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा, तुलाई मशीन एवं सुरक्षाको दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को धान तौल, टोकन, भुगतान संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या न हो। कलेक्टर ने राजस्व से जुड़े प्रत्येक प्रकरण की समयबद्ध एवं प्राथमिकता से समीक्षा कर शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि समस्त विभाग, कार्यालय यह सुनिश्चित करें कि उनका जीएसटी पंजीयन अवश्य पूर्ण हो। बिना जीएसटी पंजीयन के किसी भी प्रकार की खरीद, खर्च अनुमति योग्य नहीं मानी जाएगी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना के तहत लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने पर भी जोर दिया गया है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि बैंकर्स और वेंडरो की बैठक लेकर अस्वीकृत लोन प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करे। जनपद, नगरीय निकायों में शिविर लगाकर अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया जाए। कलेक्टर ने साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि सभी हितग्राही-मूलक योजनाओं में लाभ प्राप्त करने वाले पात्र व्यक्तियों का ई केवाईसी नियमित रूप से कराया जाना अनिवार्य है। सभी विभाग अपने स्तर पर अभियान चलाकर लाभार्थियों के ई केवाईसी को अद्यतन रखें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



मेडल के साथ उपस्थित खिलाड़ी।

## राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में खिलाडियों ने दिखाए जोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार

राष्ट्रीय स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन अग्रेसन धाम रायपुर में 19 एवं 20 नवम्बर को किया गया।

आयोजन समिति व भारत कराटे अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष खेत्रों महानंद ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 12 राज्य से 650 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमे सक्ती जिला के कराटे कोच सुमित खुंटे कोच मैनेजर इंद्रजीत रात्रे के नेतृत्व में जिला से 7 खिलाडियों ने अपना जोहर दिखाए और मेडल हासिल किया। बालिका वर्ग में वंदना बंसल स्वर्ण पदक, आरुषी खूंटे स्वर्ण पदक, सरिता कुर्रे स्वर्ण पदक, मुस्कान हंसे रजत पदक, बालक वर्ग में मांशू रत्नाकर रजत पदक, दिनेश कुमार सूर्यवंशी कास्य पदक, इंद्रजीत रात्रे कांस्य पदक सभी खिलाडियों ने अपने अपने वर्ग में मेडल हासिल कर जिला और माता पिता का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा थे।

■ 12 राज्य से 650 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

विशिष्ट अतिथि के रुप में इंडिया ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष सिहान भरत शर्मा, भाजपा नेता मनोज निषाद, पृथ्वीराज महानंद उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को विशिष्ट अतिथि कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष सिहान भरत शर्मा भी उपस्थित होकर जिसमें सभी विजेताओं को पदक, प्रमाण पत्र एवं विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

## विद्यार्थियों ने किया सोनाखान और गिरौदपुरी का शैक्षणिक भ्रमण



**जांजगीर-चांपा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भंवतरा के विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक स्थल शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मस्थली सोनाखान तथा संत बाबा गुरु घासीदास की जन्म व तपोभूमि गिरौदपुर का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वीर नारायण सिंह के साहस, राष्ट्रभक्ति एवं गुरु घासीदास बाबा के सत्य, अहिंसा एवं मानव समता के उपदेशों को निकट से जाना। बच्चों ने सोनाखान के उद्यान में झूले का भी आनंद लिया तथा गिरौदपुरी में छाता पहाड़, पंचकुंडी, जयस्तंभ और मंदिर परिसर का भ्रमण किया। शिक्षकों ने उन्हें इन स्थलों के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की जानकारी दी। भ्रमण के बाद सभी ने जोंक नदी के तट पर पिकनिम का आनंद लिया। इस दौरान प्रधान पाठक के एल निर्मलकर, प्रायमरी प्रधान पाठक केके साहू, गांगेय पाण्डेय, संतोष टंडन, डॉ. प्रतीक्षा शुक्ला, रामनारायण कश्यप. उमा वर्मा सहित शिक्षक, रसोइया और स्वसहायता की महिलाएं शामिल थे।

## कितनी ही विपत्ति क्यों ना आए, धर्म के मार्ग पर चलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की कथा का रसपान कराते हुए

■ शिवरीनारायण मठ में आयोजित भागवत कथा सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु



भगवान का भजन गाते स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज एवं श्रद्धालु।

अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान की कथा नित्य नूतन है भले ही आप एक वर्ष में पचास बार सुने लेकिन हर बार नयी अनुभूति होगी। माताओं का बाई अंग फड़कना और पुरुषों का दाहिना अंग फड़कना अत्यंत ही शुभ मानाजाता है।

धर्मांतरण के संदर्भ में अपना विचार प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि - भले ही जीवन में कितनी ही विपत्ति क्यों ना आ जाए! अपने धर्म पर ही चलना। किसी भी परिस्थिति में अपना धर्म नहीं बदलना। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है स्वधर्मे निधनं श्रेयः पर धर्मो भयावः अर्थात स्वयं का धर्म ही सर्वश्रेष्ठ होता है, दूसरे का धर्म तो भय और पीड़ा को देने वाला है। सीताराम विवाह महोत्सव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि हम तो अयोध्या वासी हैं भगवान के स्वाभाविक बाराती हैं, हम बारात में रहेंगे ही। प्रत्येक दिवस की तरह मुख्य यजमान के रूप में राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज मंच पर विराजित थे। शिवरीनारायण मठ महोत्सव में श्री दूधाधारी मठ के ट्रस्टी ज्योतिंद्रनाथ ठाकुर, राजेश अग्रवाल, विनोद मंगल अग्रवाल, श्री जैतू साव मठ से अजय तिवारी, महेंद्र अग्रवाल, महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय रायपुर के प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी, खैरागढ़ जगन्नाथ मंदिर के महन्त राधा मोहन दास जी महाराज सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हुए।

**श्री सीताराम विवाह महोत्सव आज**-शिवरीनारायण नगर में ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में और दूर दराज से आने वाले स्त्रोताओं के मध्य श्री सीताराम विवाह महोत्सव को लेकर अत्यंत उत्साह का वातावरण बना हुआ है। 25 नवंबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा होगी। सायंकालीन बेला में शाम 3:30 बजे भगवान के बारातियों का भव्य शोभायात्रा नगर में परंपरागत रूप से निकाली जाएगी। शिवरीनारायण नगर निवासी भगवान के बारातियों के स्वागत की तैयारी में लगे हुए हैं।

## क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ता खासे परेशान

**बिर्रा।** क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ता खासे परेशान है। पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क बिर्रा अंचल के दर्जन भर गांवों में ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से जिओ का नेटवर्क इतना खराब हो गया है कि ना तो ठीक से कॉल लगता है और न ही इंटरनेट चलता है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत बिर्रा और आसपास के दर्जन भर गांवों में पिछले लगभग कई महीना से जिओ का नेटवर्क में खराबी आ जाने के कारण जिओ के मोबाइल उपभोक्ताओं को मोबाइल चलाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आजकल 5जी के जमाना है। जिओ सिम चलाने वाले मोबाइल उपभोक्ता कीमती मोबाइल लिए हैं, ताकि उनको नेटवर्क से संबंधित कोई भी प्रकार से समस्या न हो और आसानी से उनका इंटरनेट से संबंधित सभी कार्य हो जाए, लेकिन जिओ उपभोक्ताओं को आजकल नेटवर्क की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क रेंज बिर्रा के के अलावा क्षेत्र के कई गांवों में कम कर दिए हैं। इसके चलते पढ़ाई, ऑनलाइन कामकाज, बैंकिंग सेवाएं और यहां तक कि आपातकालीन संपर्क भी प्रभावित हो रहे हैं। बिर्रा अंचल में कई युवा ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन जिओ नेटवर्क की समस्या के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि जिओ ग्राहक सेवा हेल्पलाइन नंबर से कई बार शिकायत किया जा चुका है, लेकिन कोई स्थायी समाधान अब तक नहीं निकला है, जबकि ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक के पास में जिओ सिम का मोबाइल नेटवर्क लगा है।

## प्रीमियर लीग के पांचवें सीजन की तैयारियां जोरों पर, 11 दिसंबर से शुरू होगा 18 दिवसीय मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

मॉर्निंग क्रिकेट परिवार के तत्वावधान में आयोजित चांपा प्रीमियर लीग (सीपीएल) के पांचवें सीजन की तैयारियां पूरे जोर-शोर से जारी हैं। आयोजन को भव्य बनाने मॉर्निंग परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कार्यों से अवकाश लेकर जुट गए हैं।

भालेराय मैदान को संवारने और आकर्षक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। सीपीएल-2025 का यह सीजन 18 दिन तक चलेगा। प्रतियोगिता की शुरुआत 11 दिसंबर से होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 28 दिसंबर को खेला जाएगा। क्रिकेट प्रेमियों में इस लीग को लेकर खासा उत्साह है। इस वर्ष लीग में कुल आठ टीमें अपनी दावेदारी पेश करेंगी। अशोका राइडर्स ऑनर- अशोक, दिलीप, आरएस चैलेंजर – ऑनर- राजीव, सुदेश शौर्य सुपर किंग – ऑनर- जानू खुल्लरमां प्लाई चांपा – ऑनर- जगदीश शर्मा, एनवाई रॉयल – ऑनर- नारायण, योगेश, अबराज गोल्ड –



ऑनर- नकिब खान, एसबी लेजेंडर्स – ऑनर आदित्य मेडी, श्री सिद्धिविनायक वॉरियर्स ऑनर- अंशु, पारस एवं प्रेम है। आयोजकों का कहना है कि सभी टीमें अपनी-अपनी तैयारी में जुट गई हैं। आयोजक मैदान, व्यवस्थाएं और दर्शकों के लिए बेहतर माहौल तैयार कर रहे हैं। मॉर्निंग परिवार एवं डीबी वेंचर ने लीग को सफल बनाने के लिए सभी खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक सहयोग और उपस्थिति की अपील की है। लीग की तैयारियों और टीमों की सक्रिय भागीदारी को देखते हुए इस वर्ष का सीपीएल-5 रोमांच और प्रतिस्पर्धा का नया रिकॉर्ड बनाने को तैयार है।

## मुख्यालय में रहें परियोजना कार्यालय के अधिकारी व सुपरवाइजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

महिला एवं बाल विकास विभाग के स्थाई समिति का बैठक महिला में बाल विकास विभाग कार्यालय में हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। वहीं अक्सर सूचना मिल रही थी कि सेक्टर सुपरवाइजर और अधिकारी मुख्यालय में नहीं रहते। इसे देखते हुए परियोजना

■ महिला एवं बाल विकास विभाग स्थाई समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

कार्यालय में पदस्थ सेक्टर सुपरवाइजर व अधिकारियों को अपने निर्धारित मुख्यालय में ही निवास स्थान बना कर रहने कहा गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के स्थाई समिति का बैठक 24 नवंबर को दोपहर 2 बजे महिला में बाल विकास




विभाग कार्यालय में हुई। बैठक में चार बिंदुओं पर चर्चा किया गया। महिला एवं बाल विकास के सभापति खीक बाई मनहरण कमलेश ने बताया कि चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परियोजना कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारी सुपरवाइजर अपने निर्धारित मुख्यालय में ही निवास स्थान बना कर रहेगें। साथ ही 15 दिवस के भीतर सरपंच से हस्ताक्षर करा कर सूचना महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय एवं स्थाई समिति को देंगे। इसी प्रकार बरभाटा में कार्यरत सहायिका द्वारा अपने पद से इस्तीफा दिया गया है जिसे समिति द्वारा स्वीकार किया गया। रेडी टू ईट एवं गरम भोजन के सफल संचालन के लिए नये समूह से आवेदन मंगाये जाने को प्रस्ताव किया गया। 4 नवंबर को लिए गए निर्णय के संबंध में पालन प्रतिवेदन जल्द से जल्द कराए जाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में दिव्या नितिन, निर्मला बाई, हरीश कुमार, सुनीता महेंद्र, लता देवी मनहर समिति के सदस्य उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास सभापति खिक बाई मनहरण कमलेश ने कहा कि लगातार समाचार पत्रों एवं ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिकायत मिल रही था कि सेक्टर सुपरवाइजर और अधिकारी मुख्यालय में नहीं रहते।

सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

## महिलाएं अपने अंदर निहित शक्तियों को जागृत कर परिवार एवं समाज को बना सकती हैं सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.नूपुर दवे गुरु घासीदास चिकित्सालय कात्रे नगर चांपा थे। अध्यक्षता अटल बिहारी ताप विद्युत गृह मड़वा में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत श्रीमती रमा पाण्डेय ने की।

मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती मनोज साहू प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रमुख प्रांतीय सप्त शक्ति संगम सदस्य एवं वक्ता के रूप में श्रीमती शोभा दुबे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकर दहा धमतरी एवं सप्त शक्ति संगम प्रांतीय संयोजिका उपस्थित रही। कार्यक्रम की प्रस्तावना कोरबा विभाग संयोजिका




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

श्रीमती ललिता तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 2013 में सुकमा में शहीद हुए समय सिंह कंवर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला सिंह कंवर, पर्यावरण पर आधारित घर चलाने वाली श्रीमती नेहा अग्रवाल तथा सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती धनेश्वरी जागृति को सम्मानित किया गया। माताओं के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया था, जिसमें उन्होंने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती मनोज साहू ने सप्त शक्ति संगम के बारे में जानकारी दी कि स्त्रियों में निहित सप्त शक्तियां कीर्ति, वाक, स्मृति, मेधा, धृति और क्षमा को जागृत कर परिवार एवं समाज निर्माण में नारी की भूमिका को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती शोभा दुबे ने कहा कि किस प्रकार भारतीय नारियां परिवार को संभालते हुए भी अपने कर्तव्यों का पालन करती हैं। मुख्य अतिथि डॉ नुपुर दवे महिलाओं की भूमिका स्वास्थ्य जागरूकता और परिवार व समाज में उनके मार्गदर्शन योगदान पर अपना विचार व्यक्त किया। श्रीमती रमा पाण्डेय ने मातृशक्ति को समाज की मूल आधार शीला बताकर शिक्षा और संस्कारों में उनकी अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कु.अंशु तिवारी एवं श्रीमती उषा देवांगन तथा आभार व्यक्त कल्पना यादव ने किया। इस कार्यक्रम में कुल 265 माताओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय एवं समस्त आचार्य परिवार का योगदान रहा।

